# Hindi - Durva

## Chapter 17

# तितली

**1. कविता को पंक्ति पूरी करो।**

**1.रंग–बिरंगे पंख तुम्हारे, सबके मन को भाते हैं।**

**उत्तर:** कलियाँ देख तुम्हें खुश होती, फूल देख मुस्काते हैं।

**2.पास क्यों नहीं आती तितली।**

**उत्तर:** दूर दूर क्यों रहती हों?

**3. फूल फूल के कानों में जा**

**उत्तर:** धीरे से क्या कहती हो?

**4. इस डाली से उस डाली पर**

**उत्तर:** उड़ उड़कर क्यों जाती हों?

**5.हमसे क्यों शरमाती हो?**

**उत्तर:** फूल फूल का रस लेती हों।

**2. समान अर्थों वाले शब्दों को रेखा से मिलाओ–**

**भाते है प्रसन्न है**

**खुश होना लुभाना**

**डाली लजाना**

**शरमाना अच्छे लगते हैं**

**ललचाना। शाखा**

**उत्तर:** भाते हैं अच्छे लगते हैं

खुश होना प्रसन्न है

डाली शाखा

शरमाना लजाना

ललचाना लुभाना

**3. निम्नलिखित शब्दों का अपने वाक्यों में प्रयोग करें–**

**1.रंग – बिरंगी**

**उत्तर:** आकाश में रंग– बिरंगी पतंगें उड़ रही है।

**2.कानों में कहना**

**उत्तर:** सीता रोहन के कानों में कुछ कह रही हैं।

**3.हाथ न आना**

**उत्तर:** राम भागते समय किसी के हाथ नहीं आता।

**4. शरमाना**

**उत्तर:** राधा को कृष्ण को देखकर शरमाना आ गया।

**4. कविता के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दो–**

**1.तितली के पंख कैसे होते हैं?**

**उत्तर:** तितली के पंखों में अनेक रंग होते हैं जो उसकी सुंदरता को बढ़ा देते हैं। इसलिए तितली के पंख रंग– बिरंगे होता हैं।

**2.कविता में तितली को क्या कहकर बुलाया गया है?**

**उत्तर:** तितली अपनी इच्छा से उड़ती है और अपनी इच्छा से ही फूलों पर बैठती है। इसलिए कविता में इसे रानी कहकर बुलाया गया है।

**3.कलियाँ और फूल तितली को देखकर क्या करते है?**

**उत्तर:** जब भी तितली कलियों और फूलों के पास जाती है तो वे तितली को देखकर कलियाँ खुश हो जाती है और फूल मुस्कुराने लगते हैं।

**4. तितली उड़ उड़कर कहाँ जाती है?**

**उत्तर:** तितली अपनी इच्छा से उड़ती है। वह ज्यादा समय तक या ज्यादा देर तक एक जगह पर नहीं रहती है। इसलिए वह उड़ उड़कर एक डाली से दूसरी डाली पर जाती है।